दिनांकः 25.11.2024
समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरु हुआ। सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि शीतकालीन सत्र कई कारणों से विशेष है, जिसमें संविधान को अपनाने के 75वें वर्ष की शुरुआत भी शामिल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शीतकालीन सत्र सार्थक और रचनात्मक बहस तथा चर्चाओं से भरपूर होगा। श्री मोदी ने कहा कि संसद में समय का उपयोग भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को और बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि आज देश को जो अवसर मिले हैं, वे विश्व मंच पर भारत के लिए दुर्लभ हैं और इनका अधिक से अधिक लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की संसद से यह संदेश जाना चाहिए कि देश के मतदाता, लोकतंत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संविधान के प्रति उनका समर्पण और संसदीय प्रक्रियाओं में उनकी आस्था सार्थक है। गौरतलब है कि 26 दिनों तक चलने वाले इस शीतकालीन सत्र में 19 बैठकें होंगी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश होने की संभावना है।

000

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज से अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन–आईसीए के वैश्विक सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उदघाटन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के एक सौ तीस वर्षों के इतिहास में पहली बार वैश्विक सहकारिता सम्मेलन और आम सभा का आयोजन भारत में किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री मोदी अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष – 2025 पर स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे।

इस सम्मेलन में भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और फिजी के उप प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका भी शामिल होंगे। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कॉपरेटिव लिमिटेड–इफ्को, आईसीए, भारत सरकार और सहकारी संस्थाओं अमूल तथा कृभको के सहयोग से वैश्विक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।

000

देशभर में आज से विकसित भारत चैलेंज आयोजित किया जा रहा है। इससे एक करोड़ युवाओं को जोड़ा जाएगा। इस चैलेंज का पहला चरण आज से 5 दिसम्बर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल क्विज़ के रूप में आयोजित होगा। यह क्विज़ माई भारत प्लेटफॉर्म पर होगी। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। दूसरे चरण में निबंध और ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता होगी और तीसरे चरण में प्रतिभागी अपने राज्य स्तर पर चुने हुए विषयों पर विचार प्रस्तुत करेंगे। चौथे और अंतिम चरण में 11 और 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में विभिन्न राज्य स्तरीय टीमें राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगी। देशभर से चुने हुए तीन हजार युवाओं को 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनूं जिले के काजड़ा गांव निवासी सेना के जवान विनोद सिंह शेखावत को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया संदेश में मुख्यमंत्री कहा कि मणिपुर में वीरगति को प्राप्त हुए विनोद सिंह के परिजनों को ईश्वर ये दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। गौरतलब है कि श्री शेखावत मणिपुर में म्यांमार बोर्डर पर तैनात थे।

000

दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जयपुर जिले में आज से 'सक्षम जयपुर अभियान' शुरू हो रहा है। इस अभियान का शुभारंभ बस्सी पंचायत समिति से किया जा रहा है। अभियान के तहत दिव्यांगों के चिन्हीकरण, स्वावलंबन पोर्टल पर प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनाने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही सुखद दांपत्य जीवन योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, पालनहार योजना, पेंशन योजना और मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना जैसी योजनाओं का लाभ

दिलाने की व्यवस्था की गई है। अभियान के दौरान दिव्यांगों को सहायक अंग और उपकरण भी वितरित किये जाएंगे।

000

अलवर में आज से मत्स्य उत्सव का आगाज हुआ। तीन दिन तक चलने वाले उत्सव के पहले दिन आज भानगढ़ के पर्यटन स्थल पर पर्यटकों का राजस्थान संस्कृति के अनुरूप स्वागत किया गया। इस दौरान लोक कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

000

प्रदेश में तापमान में उतार–चढ़ाव के बीच सर्दी का असर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में लगभग सभी स्थानों पर मौसम शुष्क रहा। रात का सबसे कम तापमान 8 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस सीकर के फतेहपुर में दर्ज किया गया।

000